सं0 27/10/2013-एस0आर0एस0

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

तीसरा तल, लोकनायक भवन
खान मार्किट, नई दिल्ली ।
दिनांक 18 दिसम्बर, 2013

18 DEC 2013

सेवा में,

मुख्य सचिव
उत्तर प्रदेश शासन
सचिवालय, लखनऊ
उत्तर प्रदेश ।

मुख्य सचिव
उत्तराखंड शासन
सचिवालय, देहरादून
उत्तराखंड ।

विषयः- दिनांक 18.09.2013 को आयोजित परामर्शी समिति की संस्तुति की अनुपालन में डॉ0 मोहम्मद मुबीन ख़ान, पी0सी0एस0 द्वारा उत्तराखण्ड राज्य आवंटन के सम्बन्ध में प्रत्यावेदन पर विचार।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि डॉ0 मोहम्मद मुबीन ख़ान, पी0सी0एस0 द्वारा उत्तराखण्ड राज्य आवंटन के सम्बन्ध में प्रस्तुत उनके प्रत्यावेदन पर परामर्शी समिति की दिनांक 18.09.2013 को आयोजित बैठक में विचार किया गया । डॉ0 मोहम्मद मुबीन ख़ान, पी0सीएस0 अधिकारी के उत्तराखण्ड राज्य आवंटन के सन्दर्भ में समिति को अवगत करवाया गया कि राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के उत्तराखंड हेतु अन्तिम आवंटन के समय भारत सरकार द्वारा कुल 50 अधिकारियों का उत्तराखंड के लिये अन्तिम आवंटन उनके द्वारा न्यायालयों से स्थगनादेश प्राप्त करने के कारण लम्बित रखा गया था । डॉ0 मोहम्मद मुबीन ख़ान उनमें से एक हैं। इनके द्वारा उच्च न्यायालय से स्थगनादेश रिक्त करवा लिया गया है, को दृष्टिगत रखते हुये इन्हें उत्तर प्रदेश से उत्तराखण्ड राज्य आवंटन की संस्तुति समिति द्वारा की गयी ।

2. भारत सरकार परामर्शी समिति की उपर्युक्त संस्तुति से सहमत है तथा तदनुसार डॉ0 मोहम्मद मुबीन ख़ान, पी0सीएस0 अधिकारी का अंतिम आवंटन उत्तराखंड के लिये किया जाता हैं ।

3. कार्मिक को इस निर्णय के बारे में सूचित किया जाए ।

भवदीय,

(सारंगधर नायक)
अवर सचिव, भारत सरकार

प्रतिलिपि प्रेषित:-

1. श्री अशोक घोष, प्रमुख सचिव, उ0प्र0 पुनर्गठन समन्वय विभाग, 46, बहुखण्डी भवन, सचिवालय, लखनऊ ।
2. श्रीमती हेमलता ढौंडीयाल, सचिव, उत्तराखंड पुनर्गठन विभाग, सचिवालय, देहरादून

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, लोक नायक भवन
Deptt. of Personnel & Trg., L. N. Bhawan
प्राप्ति और निर्गम अनुभाग
Receipt & Issued Section
18 DEC 2013
जारी किया/ISSUED